महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

**MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHIKHAND UNIVERSITY, BAREILLY**

*Contact No. 0581-2520487, 2527282, 2523378, Website: www.mjpru.ac.in*


पत्रांक : रू.वि. / प्र.प.प्र. / 2025 / 1139 दिनांक : 07.08.2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बन्धित सम्बद्ध महाविद्यालय,
एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली

**विषय : (सत्र 2025–26) के लिये स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रथम एवं द्वितीय चरण में ऑनलाईन पंजीकरण के माध्यम से किये गये प्रवेश को समर्थ पोर्टल पर सुनिश्चित किये जाने हेतु तिथि निर्धारण,**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषयक में विश्वविद्यालय के पूर्व पत्र दिनांक 30.07.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा सम्बद्ध महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर समर्थ पोर्टल पर ऑनलाईन प्रवेश सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में दिनांक 07.08.2025 निर्धारित की गयी थी। आप समस्त के अनुरोध के दृष्टिगत माननीय कुलपति महोदय के आदेश दिनांक 07.08.2025 के अनुपालन में आप सभी को अवगत कराने का निदेश हुआ है कि सत्र 2025–26 में प्रथम एवं द्वितीय चरण में प्रवेशित छात्रों के प्रवेश को समर्थ पोर्टल पर सुनिश्चित किये जाने की तिथि निम्नानुसार विस्तारित कर दी गयी है :–

| क्र. | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | **स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम में प्रथम एवं द्वितीय चरण में** दिनांक 25.07.2025 तक प्रवेशित छात्रों का डाटा समर्थ पोर्टल पर ऑनलाईन लॉक करने की तिथि | 20.08.2025 |

आपको यह भी अवगत कराना है कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों द्वारा समर्थ पोर्टल पर महाविद्यालय द्वारा प्रवेशित छात्रों का डाटा लॉक करना अनिवार्य है। ऑनलाईन डाटा लॉक में यदि कोई तकनीकी समस्या हो तो विश्वविद्यालय के सी.एस.आई.टी. विभाग में स्थित कम्प्यूटर सेन्टर में प्राचार्य सम्पर्क कर अपने तकनीकी स्टाफ को भेजकर प्रवेश ऑनलाईन लॉक करा सकते हैं। समस्त महाविद्यालयों को प्रवेश लॉक करने के सम्बन्ध में वीडियो पूर्व में उपलब्ध कराया जा चुका है। विश्वविद्यालय महाविद्यालयों की समस्याओं का निराकरण करने हेतु तत्पर है।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समन्वयक, ऑनलाईन प्रवेश।
2. समन्वयक / उप समन्वयक, समर्थ पोर्टल।
3. वित्त अधिकारी।
4. परीक्षा नियंत्रक।
5. उप–कुलसचिव (प्रवेश)।
6. उप–कुलसचिव (सम्बद्धता)।
7. निजी सचिव–कुलपति, मा. कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
8. वै.सहा., कुलसचिव।
9. प्रभारी, विश्वविद्यालय बेवसाईट।

कुलसचिव